कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।

पत्रांकः वै0सहा0:मान्यता/ 870-71 /2021–22 दिनांकः 12-5-21

प्रबंधक,
सेन्ट मेरीज कान्वेन्ट स्कूल,
कॉठ, वि0खं0 छजलैट–मुरादाबाद।

विषयः आपके आवेदन प्रार्थना पत्र दिनांक 28.02.2021 के संबंध में।

महोदय/महोदया,

आपके विद्यालय को इस कार्यालय के आदेशः बे0 शि0/शि0 सहा0/ मान्यता/ E-NUPS-409/2018/ 2017–18/ दिनांक 27.03.2018 के द्वारा अंग्रेजी माध्यम (कक्षा–नर्सरी से कक्षा–8 तक) की औपबन्धिक मान्यता तीन वर्ष के लिए प्रदान की गई थी। तत्समय शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18 (20)/91शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08 मई, 2013 में दिये गये मानकों एवं शर्तों के नियम–13 में प्राविधानित था कि **"इस अवधि में मान्यता की शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूरी होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी है।"**

आपके द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के कम में खण्ड शिक्षा अधिकारी, छजलैट मुरादाबाद से जॉच कराकर आख्या प्राप्त की गयी। जिसके कम में आर0टी0ई0 मानक अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति करने, अग्निशमन प्रमाण पत्र का हर 02 वर्ष पर नवीनीकरण कराये जाने तथा आर0टी0ई0 के अनुसार 25 प्रतिशत निःशुल्क प्रवेश करने तथा मानक एवं शर्तों के संबंध में निर्गत शासनादेश संख्याः 89/अरसठ–3–2018–2041/ 2018 दिनांक 11 जनवरी, 2019 एवं यथासंशोधित शासनादेश 196/अड़सठ–3–2018–2041/ 2018 दिनांक 29 जून, 2020 में निहित व्यवस्थानुसार मानक एवं शर्तें पूर्ण करते हुए सूचना संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी, के प्रतिबंध सहित मान्यता जारी रखे जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही समय–समय पर निर्गत शासनादेश/विभागीय आदेशों का पालन न करने एवं प्रदत्त मान्यता शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित होता है तो शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत विद्यालय को प्रदत्त मान्यता प्रत्याहरण कर ली जाएगी।

(योगेन्द्र कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मुरादाबाद।

पृ0सं0/वै0सहा0/मान्यता/ ______ /2021–22 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि खण्ड शिक्षा अधिकारी, छजलैट–मुरादाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मुरादाबाद।

Fr. Mukesh Singh
MANAGER
St. Mary's Convent School
Kanth Moradabad (U P

PRINCIPAL
St. Mary's Convent School
Kanth, Moradabad (U.P.)